प्रसार भारती

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

04.02.2026 / प्रादेशिक समाचार / 19:45बजे

''आज के मुख्य समाचार''

- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा–आरडीजी का बंद होना हिमाचल की आर्थिकी के लिए बहुत बड़ा धक्का।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा–पंचायत चुनावों को लेकर लोगों को बार–बार गुमराह कर रही है राज्य सरकार।
- एक हजार दो सौ 53 युवक व युवतियां बने कांस्टेबल, मुख्यमंत्री ने प्रदान किए नियुक्ति पत्र।
- ई–केवाईसी सत्यापन नहीं करवाने वाले पैंशन धारकों की सामाजिक सुरक्षा पैंशन अस्थायी तौर पर बंद।
- व्यापक बर्फबारी के बाद राज्य के जनजातीय व बर्फबारी प्रभावित क्षेत्रों में बढ़ा हिमस्खलन का खतरा, चेतावनी जारी।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि राजस्व घाटा अनुदान आरडीजी का बंद होना हिमाचल की आर्थिकी के लिए बहुत बड़ा धक्का है। मुख्यमंत्री ने आज शिमला में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि इस मामले पर 8 फरवरी को मंत्रिमंडल की बैठक में मंथन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आरडीजी मामले पर सर्वदलीय बैठक बुलाकर एक प्रस्तुति भी दी जाएगी ताकि प्रदेश की आर्थिकी पर चर्चा हो सके। उन्होंने कहा कि सरकार प्रदेश की भूमि पर लगी जलविद्युत परियोजनाओं से टैक्स वसूलेगी ताकि राज्य की आय में बढ़ोतरी हो सके।

सुक्खू

इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने आज शिमला के कैथू में राज्य सहकारी बैंक की नव– स्थापित शाखा का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर कहा कि राज्य सरकार वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने और समाज के सभी वर्गों तक सुलभ बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सहकारी संस्थाओं के विकास और सुदृढ़ीकरण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की जमा राशि राज्य सहकारी बैंक में रखी जानी चाहिए ताकि राज्य में सहकारी बैंकिंग प्रणाली की वित्तीय मजबूती और स्थिरता को और अधिक बढ़ावा मिल सके।

जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू राज्य में पंचायत चुनावों को लेकर बार–बार लोगों को गुमराह कर रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष ने आज शिमला में एक बयान में कहा कि सरकार पंचायत चुनाव न करवा कर ग्रामीण और शहरी निकायों का बहुत नुकसान कर रही है। यही नहीं स्थानीय निकायों के चुनाव रोककर सुक्खू सरकार केंद्रीय मदद के रास्ते भी बंद कर रही

है। उन्होंने पूछा कि समय पर पंचायत चुनाव करवाने को लेकर विधानसभा सदन से लेकर सड़क तक किए गए मुख्यमंत्री के वायदों का क्या हुआ। जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया कि पूरे देश में लोकतंत्र और संविधान की दुहाई देने वाली कांग्रेस पार्टी की सरकार लोकतंत्र और संविधान की धज्जियां उडा रही है और महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज के सपनों को कुचल रही है।

पुलिस

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश सरकार आगामी दो महीनों में आठ सौ पुलिस कांस्टेबलों की भर्ती करेगी। मुख्यमंत्री आज कांगड़ा के पुलिस कॉलेज डरोह में रोजगार संकल्प मेले के दौरान नवनियुक्त एक हजार दो सौ 53 कांस्टेबलों को नियुक्ति पत्र प्रदान करने के मौके पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि हिमाचल पुलिस देश की सबसे आधुनिक, सबसे तेज और सबसे भरोसेमंद पुलिस फोर्स में शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार पुलिस कांस्टेबलों की यूनिफॉर्म ग्रांट बढ़ाने पर गंभीरता से विचार कर रही है।

पांगी घाटी बी.एस.एन.एल

चंबा जिला की पांगी घाटी की शौर पंचायत में एक सप्ताह से बी.एस.एन.एल. की टू–जी और फोर–जी मोबाईल सेवाएं बंद हैं। इस कारण पंचायत के लोगों को भारी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। पंचायत के उपप्रधान निहाल सिंह भारद्वाज ने आकाशवाणी को बताया कि मोबाईल फोन सेवा बंद हो जाने से शौर पंचायत का संपर्क देश व प्रदेश और पांगी घाटी से कट गया है। उन्होंने बी.एस.एन.एल. प्रबंधं और पांगी घाटी प्रशासन से मांग की है कि शौर पंचायत में मोबाईल फोन सेवा तुरन्त बहाल की जाए ताकि लोगों को सुविधा हो।

*बाइट: निहाल सिंह,उपप्रधान,ग्राम पंचायत शौर*

*मेरा नाम निहाल सिंह उपप्रधान ग्राम पंचायत शौर। हमारे यह। 6 फुट बर्फ पड़ा हुआ है। शौर, कोठी और रेई पंचायत बीएसएनएल 4जी कट चुकी है।कोई गतिविधि नहीं हो पा रही है। अपनों से बातें नहीं हो रही हैं, देश विदेश से कटा हुआ है। मेरी शौर पंचायत खास कर के। मैं रिक्वेस्ट करना चाहूंगा प्रबन्धक बीएसएनएल शिमला से, रिक्वेस्ट करना चाहूंगा पांगी प्रशासन से कि जल्द से जल्द बीएसएनएल 4जी को दुरुस्त किया जाए ताकि घाटी की तीनों पंचायतें हिमाचल प्रदेश से जुड़ी रहें। ताकि घाटी के लोगों को असुविधा का सामना ना करना पड़े।*

सामाजिक सुरक्षा पैंशन

सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग ने राज्य में उन सभी सामाजिक सुरक्षा पैंशन धारकों की पैंशन अस्थायी तौर पर बंद कर दी है जिन्होंने निर्धारित अवधि में अपना ई–केवाईसी सत्यापन नहीं करवाया है। विभाग के एक प्रवक्ता ने ऐसे सभी लाभार्थियों से अपील की है कि वे 15 फरवरी तक सभी

आवश्यक दस्तावेजों सहित अपना ई–केवाईसी सत्यापन करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि इस अंतिम अवसर के बाद भी सत्यापन नहीं करवाने वाले लाभार्थियों की सामाजिक सुरक्षा पैंशन स्थायी तौर पर बंद कर दी जाएगी।

<u>सिकंदर कुमार</u>

राज्यसभा सांसद डॉक्टर सिकंदर कुमार द्वारा राज्यसभा में पूछे गए एक सवाल के जवाब में केंद्रीय जनजातीय कार्य राज्य मंत्री दुर्गादास उइके ने बताया कि जनजातीय कार्य मंत्रालय राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति वित्त व विस्तार निगम के माध्यम से जनजातीय लोगों और क्षेत्रों के समग्र कल्याण और विकास के लिए कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व साझेदारी का सक्रिय रूप से विस्तार कर रहा है। उन्होंने डॉक्टर सिकंदर कुमार को जानकारी दी कि वर्तमान में मंत्रालय में एक अलग सीएसआर –ईएमआरएस प्रकोष्ठ स्थापित करने का कोई विचार नहीं है।

<u>भाजपा</u>

प्रदेश भाजपा प्रवक्ता संदीपनी भारद्वाज ने आरोप लगाया है कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू आरडीजी पर घड़ियाली आंसू बहाकर जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं। संदीपनी भारद्वाज ने आज शिमला में एक पत्रकार वार्ता में कहा कि प्रदेश सरकार ने केंद्र से आए फंड का दुरूपयोग किया है और विकास के पैसे वेतन–भत्तों और अपने मित्रों के ऐशो–आराम पर खर्च किए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश की खस्ता वित्तीय हालत की असली वजह कांग्रेस सरकार की नीतियां हैं।

***<u>बाइट: संदीपनी भारद्वाज, भाजपा</u>***

***<u>और जो आरजीडी की बात है वो नेशनल लेवल पर बीजेपी के 80 परसेंट स्टेट्स भी ऐसे हैं।कोई हिमाचल के लिए थोड़े लागू हुआ। प्रोटोकॉल है, पंचवर्षीय योजना थी। तो सकारात्मक करके वो जब क्लोज होगी तो अब नई योजना आएगी। अब थोड़ी प्रतीक्षा तो कर लें। लेकिन वो ये बात बताकर के लोगों का नैराटिव नेगेटिव बनाने की कोशिश कर रहे हैं जो हिमाचल की जनता जानती है कि इन्होंने काफी लूट लिया,ठग लिया, झूठ बोल दिया, अपने लोगों को चेयरमैन बनाना, अपने लोगों को ओएसडी बनाना, इस बार माननीय सुक्खू जी नहीं आते, दाईं हाथ का जेब अपनी बाईं पॉकेट में लेके घूमते हैं</u>***

संदीपनी भारद्वाज ने प्रदेश सरकार द्वारा पंचायत चुनाव टालने के लिए सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दाखिल करने का भी विरोध किया और इसे लोकतंत्र की हत्या करार दिया।

<u>मौसम</u>

प्रदेश में बीते तीन दिनों के दौरान हुई व्यापक बर्फबारी के बाद राज्य के जनजातीय और बर्फबारी प्रभावित क्षेत्रों में हिस्खलन का खतरा बढ़ गया है। इसे देखते हुए किन्नौर और लाहौल स्पिति जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरणों ने हिस्खलन की चेतावनी जारी की है और लोगों को सतर्क रहने को

कहा है। इस बीच भारी बर्फबारी के कारण सड़कों के बंद हो जाने से लाहौल स्पिति के उदयपुर क्षेत्र में लोगों को रसोई गैस व राशन की कमी का सामना करना पड़ रहा है। जिले की स्पिति घाटी के तांगती, गुलिंग और अप्पर गुलिंग में मोबाइल सेवा भी बर्फबारी के कारण ठप्प हो गई है। लाहौल स्पिति जिला परिषद सदस्य महेंद्र ठाकुर ने प्रशासन से लोगों को तुरन्त राहत प्रदान करने की मांग की है।

<u>''अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''</u>

- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा—आरडीजी का बंद होना हिमाचल की आर्थिकी के लिए बहुत बड़ा धक्का।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा—पंचायत चुनावों को लेकर लोगों को बार—बार गुमराह कर रही है राज्य सरकार।
- एक हजार दो सौ 53 युवक व युवतियां बने कांस्टेबल, मुख्यमंत्री ने प्रदान किए नियुक्ति पत्र।
- ई—केवाईसी सत्यापन नहीं करवाने वाले पैंशन धारकों की सामाजिक सुरक्षा पैंशन अस्थायी तौर पर बंद।
- व्यापक बर्फबारी के बाद राज्य के जनजातीय व बर्फबारी प्रभावित क्षेत्रों में बढ़ा हिमस्खलन का खतरा, चेतावनी जारी।